Regarding need to develop world class tourism facilities in Bundelkhand region of Uttar Pradesh-laid

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): केंद व उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा बुन्देलखण्ड के चहुमुखी विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है । जिस प्रकार देश में विगत 10 वर्षों में सड़क ,बिजली उत्पादन और मोबाइल प्रयोग में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है उसी प्रकार बुन्देलखण्ड में सिचाई के लिए पानी, हर घर नल द्वारा जल, स्वास्थ्य और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में क्रांति हुई है। इसके साथ बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे बन जाने से यहां पर्यटन के विकास का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है । परंतु मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले महोबा में आस्था के केंद्र गोरखगिरी पर्वत, बुन्देलखण्ड का कश्मीर कहे जाने वाले चरखारी, हमीरपुर में हज़ारों साल पुराना कल्पवृक्ष क्षेत्र, महोबा और उसके आसपास के तालाब ,झीलें ,छोटी -2 सुंदर पहाड़िया, सहित किले व गढ़िया, इत्यादि ऐसे क्षेत्र हैं जिनका उनकी क्षमता के अनुरुप विकास नही हो पाया है । अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर बुन्देलखण्ड में अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्यटन सुविधाओं का विकास करके "देखो और जानो बुन्देलखण्ड" मुहिम को चलाया जाए ।